हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 25 जून 2024

11 नियमित करने की मांग को लेकर एनएचएम कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन




12 जिला मुख्यालय स्थापित करने की मांग ने फिर जोर पकड़ा



# जिले में बनाई 53 योगशालाएं, आयुष विभाग ने 30 योगशालाओं को किया है हैंडओवर

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

स्वस्थ भारत निर्माण की नींव मजबूत करने की दिशा में जिला महेंद्रगढ़ में प्रस्तावित 53 योगशालाओं में से 31 योगशालाओं का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। इन योगशालाओं के संचालन के लिए आयुष विभाग द्वारा जिले में 44 योग सहायक भी लगाए गए हैं। इन योग सहायकों को प्रतिदिन योगशालाओं में जाकर लोगों को निरोगी रहने के लिए योगाभ्यास कराने और युवाओं को सुढ़ौल शरीर बनाने के लिए शारीरिक अभ्यास करवाने की ड्यूटी दी गई है, लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि विश्व योग दिवस के मद्देनजर जून मास में इन योगशालाओं में कुछ चहल-पहल जरूर रही, लेकिन अब विश्व योग दिवस मनाने उपरांत योगशालाएं वीरान नजर आती हैं। प्रदेश सरकार द्वारा गांवों एवं शहरों में पार्कों एवं योगशालाओं का निर्माण करवाया जा रहा है। एक योगशाला का निर्माण करीब चार एकड़ जमीन पर किया जाता है, जिसमें पार्क का भी निर्माण किया जाता है, ताकि योगशाला का सौंदर्यकरण बढ़ सके और वहां आने वाले लोगों का मन लग सके। इन योगशालाओं में सरकार द्वारा गेट पर पीने के पानी एवं शौचालय का निर्माण करवाया जाता है, वहीं एक टीनशेड भी बनवाई जाती है, जिसके नीचे बैठकर लोग योगिक क्रियाएं करते हैं। इन योगशालाओं की स्थापना के पीछे स्वस्थ भारत का निर्माण ही सरकार का उद्देश्य है, ताकि लोग सुबह-शाम इन योग शालाओं का भ्रमण करें और स्वस्थ एवं निरोगी जीवन जीने के लिए इनमें जाकर पसीना बहाएं। इसी उद्देश्य से हरियाणा सरकार राज्य के गांवों एवं शहरों में योगशालाओं का निर्माण करवा रही है। जिला महेंद्रगढ़ में भी इन योगशालाओं का निर्माण किया जा रहा है।

- युवाओं खासकर आम ग्रामीणों को निरोगी रहने के लिए योग अपनाने के लिए किया जाता है प्रेरित

## जिले के गांवों में चार-चार एकड़ में बनाई गई योगशालाओं में किया गया है पार्कों एवं टीनशेडों का निर्माण

### सीएम नायब सैनी ने दिया छह योगशालाओं का उपहार

हाल ही में 21 जून को मनाए गए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिले को 6 नई योगशालाओं का तोहफा भी प्रदान किया है, जिनका उन्होंने सामूहिक रूप से शिलान्यास भी किया। इन योगशालाओं का निर्माण पंचायती राज विभाग द्वारा किया जाएगा। एक-एक योगशाला करीब चार एकड़ में तैयार की जाएगी और पार्क का भी इसी में निर्माण किया जाएगा। इन छह नई योगशालाओं में गांव ताजीपुर, नावां, सैदअलीपुर, दताल, दनचौली व इस्लामपुरा शामिल है। इन सभी योगशालाओं में एक-एक पार्क, एक शैड, एक बाथरूम और पीने के पानी की टंकी का निर्माण किया जाना है।





नारनौल। पटीकरा में बनी योगशाला तथा योगशाला के अंदर का दृश्य। फोटो: हरिभूमि

***इन गांवों में बनी हैं योगशालाएं:*** गांव आजमाबाद मौखूता, बाछौछ, बलाना, बलायचा, बनिहाड़ी, बासड़ी, भोजावास, बिहाली, चंदपुरा, डेरोली अहीर, दौंगड़ा अहीर, डुलाना, गुढ़ा, गुवानी, हुडीना, जांजड़ियावास, ककराला, खड़कड़ा बास, कौथल कलां, मेई, मुंडिया खेड़ा, नांगल कालिया, निजामपुर, पटीकरा, शहबाजपुर, सलूनी, सतनाली, सेहलंग, शोभापुर व नसीबपुर में योगशालाओं का निर्माण पूर्ण कर आयुष विभाग द्वारा अधिग्रहण कर लिया गया है। इस प्रकार गांव बसीरपुर, कारोली, नारहेड़ी, तलोट, मूसनौता, रामबास, घाटासेर, बिगोपुर, मेघोत हालां, मेघात बिंजा, लूजौता, कौथल खुर्द, खटोटी कलां, भांखरी, छापड़ा सलीमपुर, दुलोठ जाट, अटाली, दौंगड़ा जाट, पांचनौता, नायन, सिरोही बिहाली व नूनी कलां में भी योगशालाओं का निर्माण किया गया है, लेकिन इन योगशालाओं को अब तक आयुष विभाग को हैंडओवर नहीं किया गया है। यह भी योगशालाएं गांवों में बनी हैं और इनमें से करीब 44 में योग सहायकों की नियुक्ति भी की गई है, केवल नौ योगशालाएं में ही योग सहायक के पद रिक्त हैं। इनमें भी योग सहायक लगाए गए थे, लेकिन वह नौकरी छोड़कर जा चुके हैं।

### यह कहते हैं अधिकारी

*आयुष विभाग के जिलाधिकारी डा. अजीत सिंह ने बताया कि स्वस्थ भारत की नींव मजबूत करने के उद्देश्य से इन योगशालाओं का निर्माण करवाया जा रहा है। युवाओं को योग सिखाने एवं प्रेरित करने के लिए इनमें योग सहायकों की नियुक्ति की गई है। युवाओं को शारीरिक सौष्ठव के लिए प्रेरित किया जा रहा है तथा भविष्य में इनके फलने-फूलने की पूरी संभावना है, क्योंकि लोग बीमारियों से छुटकार पाने के लिए योग की तरफ लौट रहे हैं।*

***बस जून माह में ही दिखाई दी थी रौनक:*** बेशक से प्रदेश सरकार द्वारा पूरे राज्य में करोड़ों रुपये खर्च करके पार्कों एवं योगशालाओं का निर्माण करवाया जा रहा हो, लेकिन कमाल की बात यह है कि इन योगशालाओं में आमलोग खासकर युवा कम ही रुचि दिखा रहे हैं। यही वजह है कि इन योगशालाओं में 21 जनू को मनाए गए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर इस जून माह में कुछ रौनक दिखाई दी थी। सुबह-शाम दोनों समय योग सहायक समय लगाकर ग्रामीणों को योग के प्रति प्रेरित कर रहे थे, लेकिन अब इनमें पहले जैसा वीराना छा गया है। जून माह से पहले इन योगशालाओं में सन्नाटा पसरा रहता था, वहीं 21 जून गुजरने के बाद वही हालात बन गए हैं। इनका उपयोग पूरे साल के लिए नहीं हो पा रहा है और युवाओं को इनकी ओर लौटने की आवश्यकता है।

### जिला महेंद्रगढ़ में योगशालाओं की स्थिति

महेंद्रगढ़ जिले में राज्य सरकार ने पंचायतीराज के जरिए कुल 53 योगशालाओं का निर्माण करने का लक्ष्य बनाया हुआ है, जिनमें से अब तक 31 योगशालाओं का निर्माण पूरा कर लिया गया है। मगर इन 31 पूर्ण योगशालाओं में से अब तक 30 योगशालाओं का ही आयुष विभाग ने चार्ज लिया है, क्योंकि एक योगशाला पटीकरा का मामला लटका हुआ है। पहले पटीकरा ग्राम पंचायत था, लेकिन दो साल पहले हुए चुनाव के दौरान पटीकरा नारनौल नगर परिषद के अधीन आ गया और वहां पंचायत की बजाए अब नगर पार्षद प्रतिनिधित्व करने लगे हैं। अब नगर परिषद इस योगशाला को आयुष विभाग के हैंडओवर करेगी, जो अब तक नहीं की गई है। इस योगशाला का उद्घाटन पूर्व मंत्री एवं नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव ने 5 मई 2018 को किया था, तब गांव के सरपंच सुभाष यादव उर्फ भासु थे, लेकिन बाद में पटीकरा नगर परिषद में समायोजित कर दिया गया और आयुष विभाग को हैंडओवर करने का मामला लटक गया। इस प्रकार अब तक केवल 30 योगशालाओं का ही कब्जा आयुष विभाग के पास है। इन योगशालाओं में आयुष विभाग ने 44 योग सहायकों की भर्ती की हुई है, जबकि नौ योगशालाएं वैकेंट हैं।

## खबर संक्षेप



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

### देसी पिस्टल और जिंदा कारतूस के साथ एक काबू

**नारनौल।** जिला पुलिस अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। सीआईए पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए थाना निजामपुर क्षेत्र से अवैध हथियार रखने के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपित मंगल वासी नांगल दर्गु को अवैध हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित से पुलिस ने अवैध देसी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। आरोपित के खिलाफ थाना निजामपुर में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपित से अवैध हथियार के बारे में पूछताछ कर रही है।

### छह पेटी अवैध शराब सहित आरोपी को दबोचा

**कनीना।** कनीना सदर थाना पुलिस ने सेहलंग में छापेमारी कर एक घर से छह पेटी अवैध शराब बरामद की है। इस बारे में थाना इंचार्ज गोविंद सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के दिशा-निर्देशन में पुलिस टीम ने एक प्लाट में रेड की। जहां एक व्यक्ति अजय कुमार हाजिर मिला। प्लाट में बने कमरे को खोलकर देखा तो उसमें पांच पेटी शराब मार्का एडीएस मोटा तथा एक पेटी शराब मार्का मस्ती माल्टा बरामद हुई। पुलिस ने आरोपित से इस बारे लाइसेंस-परमिट आदि मांगा, जिसे वह पेश नहीं कर सका।

### मालड़ा बास से बरामद की 14 बोतल अवैध शराब

**कनीना।** पुलिस टीम ने छापेमारी कर मालड़ा बास में एक प्लाट से देशी व अंग्रेजी शराब की 14 बोतल बरामद की हैं। इस संबंध में थाना इंजार्च गोविंद सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने मालड़ा बास में सुरेंद्र उर्फ लंगडा के प्लाट में दबिश दी। ईंधन डाले हुए इस प्लाट में हाजिर एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भाग खड़ा हुआ। वहां पर रखे प्लास्टिक बैग को चेक किया तो उसमें नौ बोतल शराब मार्का जाता संतरा, दो बोतल अंग्रेजी शराब मार्का इंपीरियल ब्ल्यू व तीन बोतल शराब मार्का माल्टा सहित कुल 14 बोतल अवैध शराब बरामद हुई।

## छात्राओं की मेडिकल व नॉन मेडिकल में रुचि अधिक

# कॉलेज में दाखिला लेने का अंतिम दिन आज

राजकीय महाविद्यालय में सीट से अधिक आए आवेदन, वहीं महिला महाविद्यालय में आर्ट कॉमर्स इंग्लिश ऑनर्स में सीट से काम आए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

उच्चतर शिक्षा विभाग की की ओर जारी शेड्यूल के अनुसार कॉलेजों को 29 मई से एक जून तक कॉलेज संबंधित ब्यौरा पोर्टल पर अपलोड करने के आदेश दिए गए थे। वहीं विद्यार्थियों को स्नातक विषय में दाखिले लेने के लिए तीन जून से 25 जून तक ऑनलाइन आवेदन करने का मौका दिया गया था। वहीं विद्यार्थियों को आवेदन पत्र में संशोधन करने 26 जून का समय दिया गया था। वहीं कॉलेजों को अब 28 जून तक आवेदन पत्रो की जांच करनी हैं। कॉलेजों में पहली मैरिट लिस्ट तीन जुलाई को जारी होगी। पहली मैरिट लिस्ट में शामिल विद्यार्थियों को 10 जुलाई तक दाखिला ले सकेंगे। दूसरी मैरिट लिस्ट 10 जुलाई को जारी होगी। 16 जुलाई को विभाग की ओर से दोबारा से पोर्टल ओपन किया जाएगा, जिसमें दो विषयों में रिअपीयर वाले विद्यार्थी भी आवेदन कर सकेंगे।




महेंद्रगढ़। राजकीय महिला महाविद्यालय का भवन। फोटो: हरिभूमि

### छात्राओं की सांइस में रूचि अधिक, बीए, बीकॉम में कम आए आवदेन

राजकीय महिला महाविद्यालय में बीए की 720 सीटों पर 602 आवदेन आए हैं। वहीं बीकॉम विषय में 160 सीटों पर 80 आवदेन आए हैं। वहीं अंग्रेजी ऑनर्स 40 सीटों पर केवल 14 आवदेन आए हैं। नॉन मेडिकल में 80 सीटों पर 159 आवदेन आए हैं। इसके अलावा मेडिकल 80 सीटों पर 1933 आवदेन आए हैं। इसके अतिरिक्त राजकीय महाविद्यालय में बीए की 600 सीटों पर 1022 आवदेन आए हैं। कॉमर्स में 80 सीटों पर 109 आवदेन आए हैं। इसके अलावा बीसीए की 40 सीटों पर 249 आवदेन आए हैं। वहीं मेडिकल में 160 सीटों पर 174 आवदेन आए हैं। इसके अलावा नॉन मेडिकल में 400 सीटों पर 437 आवेदन आए हैं।

### दाखिले का शेड्यूल

- आवेदन पत्र में संशोधन 3 जून से 26 जून
- कॉलेज द्वारा आवेदन पत्र की जांच 5 मई से 28 जून
- डिस्पले पहली मेरिट लिस्ट 2 जुलाई
- डिस्पले पहली फाइनल मेरिट सूची 3 जुलाई
- मेरिट लिस्ट में शामिल विद्यार्थी फीस भरना 4 से 8 जुलाई
- दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 9 जुलाई
- दूसरी फाइनल मेरिट लिस्ट 10 जुलाई
- मेरिट लिस्ट में शामिल विद्यार्थियों के दाखिले 10 से 12 जुलाई
- पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट में शामिल बचे हुए विद्यार्थियों की फिजिकल काउंसिलिंग 15 जुलाई
- रिओपन दाखिला पोर्टल 16 जुलाई

### डंपर चालक के साथ मारपीट करने वाला गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** डंपर चालक के साथ मारपीट करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर पुलिस टीम ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान कपिल वासी खैरोली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के पास से वारदात को अंजाम देने में प्रयोग की गई गाड़ी बरामद की है। आरोपित को सोमवार को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शिकायतकर्ता विक्रम निवासी निहालोठ ने शिकायत देते हुए बताया कि वह डंपर पर ड्राइवरी का काम करता है। गुलावला में जोहड़ खोदने का काम चल रहा है, डंपर से वहां से मिट्टी निकालकर बाहर डालते हैं। बीती 22 मार्च को रात समय करीब 09:15 बजे वह गुलावला जोहड़ पर बने ठिकाने (ऑफिस) से खाना खाकर बाहर निकला था कि कूकसी की तरफ से एक बुलेरो गाड़ी आई, जिसमें से तीन-चार लड़के उतरे और शिकायतकर्ता को थप्पड़, मुक्के और लातों से मारने लगे, शिकायतकर्ता ने शोर किया तो ऑफिस से अन्य लोगों ने आकर छुड़वाया। जिनसे मारने का कारण पूछा तो बताया कि आपके डंपर ने डैरोली अहीर पेट्रोल पंप के पास एक्सीडेंट करके भागा है और जिसका चालक यही है। शिकायतकर्ता ने बाद में पता किया तो वह दूसरा डंपर था। आरोपितों ने उसे बगैर तस्सली करे काफी चोटें मारी है, जिस कारण उसके पेट की छोटी आंत फट गई और पेट में इंफेकशन हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू दी।

### तीन युवकों ने बाइक को टक्कर मारकर की मारपीट

**महेंद्रगढ।** गांव पल्ह निवासी एक दुकानदार ने गाड़ी में सवार होकर आए तीन युवकों पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया हैं। दुकानदार ने सदर पुलिस थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर दो नामजद सहित अन्य पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यादवेंद्र ने सदर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह गांव पल्ह का रहने वाला है। उसने नांगल सिरोही में खेड़की सड़क पर बीज भंडार की दुकान कर रखी है। 20 जून को शाम लगभग छह-सात बजे वह अपनी दुकान बंद करके बाइक पर सवार होकर घर गांव पल्ह जा रहा था। जब वह शिवम मैरिज प्लेस के पास पहुंचा तो सामने से एक एलटिका गाड़ी ने बाइक को टक्कर मारी, टक्कर लगने से वह बाइक सहित नीचे गिर गया। इसी दौरान गाड़ी के अंदर से तीन नौजवान लड़के निकलकर आए, उनके हाथों में लोहे की रॉड व डंडे थे। तीनों लड़कों में नवीन, राकेश और एक अन्य लड़का था। फिर तीनों लड़कों ने लोहे की रॉड व डंडों से पीटना शुरू कर दिया और उनमें से एक लड़के ने लोहे की रॉड मारकर बाइक तोड़ दी। फिर वह भागता-भागता अशोक के मकान के पास पहुंचा तो वहां पर तीनों ने मारपीट की। लड़कों ने सिर, दोनों हाथ व पैरों पर चोटें मारी। उस समय राह चलते दो लोगों ने छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माने और कहने लगे की आज तो बचाने के लिए आ गए, फिर मिला तो जान से मार देगे। इसके बाद किसी व्यक्ति ने पिता को फोन कर सूचित किया तो, पिता गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे।

# बाछौद के हेल्थ कर्मियों ने काले रिबन लगाकर रोष जताया

हरिभूमि न्यूज ⏭मंडी अटेली

नेशनल हेल्थ मिशन की ओर से स्वास्थ्यकर्मियों ने नियमित करवाने व दूसरी की मांग को लेकर सोमवार को कर्मचारियों ने काले रिबन लगा कर रोष प्रकट किया। अटेली अस्पताल, बाछौद, सिहमा के कर्मियों ने भी काले बिल्ले लगाकर प्रदर्शन किया। ये कर्मचारी पिछले 25 सालों से स्वास्थ्य विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन अभी तक पक्का नहीं किया गया। अगर सरकार सात जुलाई तक हमारी जायज मांगों पर सकारात्मक रुख नहीं अपनाती है तो एनएचएम कर्मचारी बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे। एनएचएम संघ के प्रदेश अध्यक्ष विशाल धनखड़ ने बताया कि यह कर्मचारी कड़ी मेहनत व लगन की बदौलत हरियाणा सरकार व देश स्तर पर अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं देने के मामले में सम्मानित हो चुके हैं। एनएचएम स्वास्थ्य विभाग का सबसे महत्वपूर्ण स्टाफ के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ की हड्डी है, लेकिन सरकार कर्मचारियों की जायज मांग जैसे की नियमितिकरण, सेवा सुरक्षा पूर्व सीएम मनोहर लाल द्वारा घोषित सातवां वेतन पे व अनेक कैटेगरी मे वेतन विसंगतीय जैसे की एएनएम, ईएमटी, कंप्यूटर ऑपरेटर, सूचना सहायक आदि इन मांगों को लेकर कर्मचारी कई बार आंदोलन कर चुके, लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मिशन निदेशक से भी मिले, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। बता दें कि एनएचएम के कर्मियों की संख्या प्रदेश में 17000 है।




मंडी अटेली। मांगें नहीं माने जाने पर नारेबाजी करते हेल्थ कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

## 26 को आईटीआई नारनौल में मिलेगा प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर

# 438 नागरिकों को एक मरला का प्लाट ड्रा के माध्यम से आवंटित

- मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना : महेंद्रगढ़ बस स्टैंड से आईटीआई तक लाने की जिला प्रशासन करेगा बसों की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत सोमवार महेंद्रगढ़ शहर के 438 नागरिकों को एक मरला (30 वर्गगज) के प्लाट का ड्रा के माध्यम से आवंटन किया गया। हरियाणा सरकार द्वारा हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के माध्यम से नारनौल के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा व जिला नगर आयुक्त महावीर प्रसाद की मौजूदगी में सभी आवेदकों के सामने कंप्यूटर के माध्यम से ड्रा निकाले गए। अब इन लाभार्थियों को 26 जून को आईटीआई में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर दिए जाएंगे।

इस दौरान डीएमसी महावीर सिंह ने बताया कि जिन परिवारों ने पिछले साल 13 सितम्बर-2023 से 19 अक्टूबर -2023 तक अपने आप को प्लाट के लिए रजिस्टर्ड किया था तथा बाद में इसमें से कुल 438 परिवारों द्वारा 10 हजार रुपये देकर बुकिंग राशि जमा करवाई थी, उन सभी 438 परिवारों को योजना के इस प्रथम चरण में हरियाणा सरकार एक मरला (30 वर्गगज) का प्लाट सेक्टर 9-ए तथा 10 महेंद्रगढ़ में ड्रा के माध्यम से दिया गया। उन्होंने बताया कि इस योजना में उन परिवारों को शामिल किया गया है जिनकी परिवार पहचान पत्र में सत्यापित वार्षिक पारिवारिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है।

महेंद्रगढ़ शहर में 438 परिवारों (जिनमें घुमंतू जाति, विधवा श्रेणी, अनुसूचित जाति व अन्य (सभी को) इस योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा। शेष बचे हुए लोगों को योजना का लाभ शीघ्र ही इस योजना के दूसरे चरण में दिया जाएगा।



नारनौल। कंप्यूटर के माध्यम से ड्रा निकलते एडीसी व डीएमसी। फोटो: हरिभूमि

### नारनौल आईटीआई में कल सौंपे जाएंगे प्रोविजनल आवंटन पत्र

ड्रा की प्रक्रिया पूर्ण होने बाद 25 जून को लाभार्थी के मोबाइल नम्बर पर प्लाट नंबर का विवरण एसएमएस के माध्यम से आ जाएगा। इन लाभार्थियों को 26 जून को 12 बजे राजकीय आईटीआई नारनौल में होने वाले मुख्य कार्यक्रम में प्लाट का प्रोविजनल आवंटन पत्र सौंपा जाएगा। महेंद्रगढ़ बस स्टैंड से आईटीआई तक लाने तथा वापस आईटीआई से महेंद्रगढ़ बस स्टैंड तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा बसों की व्यवस्था की गई है।

# अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में दो गिरफ्तार

- बंद ठेके के खोखा में रखकर बेचते थे शराब

**महेंद्रगढ़।** अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए थाना शहर टीम ने बुचौली क्षेत्र से 18 बोतल और 44 पव्वे अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने अवैध शराब को बरामद कर जब्त कर लिया और थाना शहर में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने मामले में ऊंची भांडोर निवासी दो आरोपित नवीन उर्फ राधे और मंजीत को गिरफ्तार किया है। आरोपित बंद शराब के ठेके के खोखे में शराब रखकर अवैध रूप से बेचते थे। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई को अंजाम दिया है। थाना शहर पुलिस टीम गस्त के दौरान डुलाना रोड पर मौजूद थी, उसी समय टीम को गुप्त सूचना मिली कि गांव बुचौली अड्डे के नजदीक दो शख्स खेत में रखे खोखे से चार-पांच बोतल निकालकर मोटर साईकिल पर अवैध रुप से बेचते हैं। सूचना के आधार पर टीम द्वारा बताए हुए स्थान पर रैड की गई तो दो शख्स मोटर साईकिल पर बुचौली अड्डे के नजदीक बैठे थे, जो पुलिस टीम को देखकर एकदम से भागने लगे। जिनको काबू करकै ले को चैक किया तो जिसमें देशी शराब बरामद हुई। जिनका नामपता पूछा तो एक ने अपना नाम नवीन उर्फ राधे व दूसरे ने अपना नाम मंजीत बताया। जिनसे पुलिस टीम द्वारा गहनता से अवैध शराब बेचने के बारे में पूछताछ करने पर पता लगाया कि खेत में रखा हुआ खोखा खाली पड़ा था जो पहले शराब का ठेका हुआ करता था, जिसे अब सरकार द्वारा बंद कर दिया गया।

रोहतक,मंगलवार
25 जून 2024
हरिभूमि सहेली



अलर्टनेस / शिखर चंद जैन

# अच्छी हैं ये बुरी आदतें

अच्छा हासिल करने के लिए बुरी समझी जाने वाली आदतों के कुछ अंश हम अपना लें तो इसमें कोई बुरी बात नहीं है। वे कौन-सी बुरी आदतें हैं, जो हमारा हित कर सकती हैं, आप जरूर जानिए।

कहने को तो कुछ आदतें अच्छी नहीं कही जाएंगी, बुरी ही कही जाएंगी, लेकिन ये 'बुरी आदतें' हमारे लिए अच्छी साबित होती हैं, हमें अलर्ट रखकर लाभ पहुंचाती हैं। तो क्यों ना, इन आदतों को अपनाएं और लाभ उठाएं।

**इस मामले में हो जाइए आलसी:** अगर आप शेयर्स में इंवेस्ट करती हैं, अपने अच्छे-खासे पोर्टफोलियो में बार-बार बदलाव की कोशिश में रहती हैं यानी, दिनभर बार-बार शेयर्स लेती-बेचती हैं तो इस काम में आलसी हो जाइए। बहुत ज्यादा एक्टिव रहने की आदत त्याग दीजिए। बार-बार शेयर्स लेने-बेचने में सिर्फ ब्रोकर को फायदा होता है, आप इनके लॉन्ग टर्म प्रॉफिट से वंचित रह सकती हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार, स्ट्रांग कंपनियों के शेयर खरीदकर उनको लंबे समय तक रखने में फायदा है, आप इसकी आदत डालिए।

### थोड़ी सी प्राउडी बनें

लोग प्राउडी बनने से मना करते हैं, लेकिन आप जो कुछ भी काम करती हैं या प्रोफेशनल रूप से आप जो भी हैं, कामयाब हैं, उस पर आपको प्राउड भी करना चाहिए। अपने बिजनेस,



प्रोफेशन या अपनी एक्सपर्टाइज के बारे में आपको हर किसी को गर्व के साथ बताना चाहिए। इससे लोग आपके बारे में जानेंगे और आपका काम बढ़ेगा। आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

**कभी-कभी गुस्सा भी करिए:** हमेशा कूल माइंड रहने से काम नहीं बनता। लोग आपको सॉफ्ट टार्गेट समझने लगेंगे। अगर कोई वित्तीय संस्थान, ग्राहक, सप्लायर या कर्जदार आपसे वादा खिलाफी करता है तो आपको अपने तेवर दिखाने चाहिए। आपका इंश्योरेंस एजेंट, शेयर ब्रोकर और बैंक रिप्रेजेंटेटिव आपको बेवकूफ बनाने की कोशिश करे, तो उसके साथ जरा कड़क तरीके से पेश आएं, ताकि आपसे चीटिंग करने की उसकी हिम्मत न हो।

**जरा-सी लालची बनें:** पैसे कमाने, बचाने और इकट्ठा करने के मामले में आपको थोड़ा लालची बनना चाहिए। अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए या पैसे कमाने के लिए लालची होना जरूरी है। जब पैसों के प्रति आपका लालच खत्म हो जाएगा तो आपकी कमाने और बचाने की आदत कमजोर पड़ती चली जाएगी। इससे आप आर्थिक रूप से कमजोर हो सकती हैं।

**पॉजिटिव जेलसी करें:** कोई कुछ भी कमाए अपने को क्या! ये वैराग्य भाव आपको लक्ष्मी कृपा से वंचित कर सकता है। आपको अपने इर्द-गिर्द मौजूद सफल और समृद्ध लोगों से जेलसी करनी चाहिए, लेकिन यह पॉजिटिव रूप में हो। आपको उनकी वित्तीय आदतों को बारीकी से देखना-समझना चाहिए, उनसे बातचीत करके, उनसे मिलकर उनकी सफलता का सूत्र जानना चाहिए फिर उन आदतों को अपनाना चाहिए।

**जरा शक्की भी बनें:** अपने धन की सुरक्षा और निवेश के प्रति आपको थोड़ा सनकी और शक्की भी होना चाहिए। कहीं भी निवेश करने से पहले चार बार सोचें, चार लोगों से पूछताछ करें। इससे आप आर्थिक नुकसान की आशंका से बची रहेंगी।



कवर स्टोरी / डॉ. मोनिका शर्मा

दूसरों की मदद करना, चिंता करना आपकी संवेदनशीलता का परिचायक है। लेकिन इसके चलते आप अपनी उपेक्षा करें, अपनी खुशियां मारें, आपके अपने जरूरी काम प्रभावित हों और आप हमेशा तनाव से घिरी रहें, ये आपके लिए सही नहीं है। इसलिए अनावश्यक चिंताओं से बचने के लिए कभी-कभी 'आई डोंट केयर' का भाव भी जरूरी है।

# करामाती है आई डोंट केयर

'मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता', 'मैं परवाह नहीं करती', 'आई डोंट केयर', ये सिर्फ शब्द भर नहीं हैं। ये हमारे जीवन को गति देने वाले वाक्य हैं। हर मीनमेख को अनदेखी कर आगे बढ़ते जाने का हौंसला देने वाली सोच है। इसे आजकल 'आइडीसी एटिट्यूड' भी कहा जाता है। आमतौर पर नकारात्मक समझे जाने वाले इंसानी व्यवहार के इस पक्ष के कई सकारात्मक पहलू भी हैं। हमें इसे जरूर जानना-समझना चाहिए ताकि हम एक शांत, तनावरहित जीवन जी सकें।

### ऊर्जा बचाती सोच

बहुत सी बातों और बर्ताव की अनदेखी सीधे-सीधे हमारी ऊर्जा बचाती है। कहते हैं कि जिस पल हम लोगों की परवाह करना बंद कर देते हैं, उसी पल से चीजें बेहतर होना शुरू हो जाती हैं। इसीलिए दूसरों को खुश करने की कोशिश में अपना समय बर्बाद करने के बजाय, उनकी आलोचना या मीनमेख निकालने की प्रवृत्ति को अनदेखा करना सबसे सही राह है। यूं भी यह जीवन सिर्फ दूसरों के मन-मुताबिक जीने के लिए नहीं है। जिंदगी, हर बार औरों को खुश करने की कोशिशों में जुटे रहने के लिए नहीं मिली है। समझना मुश्किल नहीं कि अपने हों या पराए, सहकर्मी हों या मित्र। अधिकतर लोगों को, उनकी बातें मानने, उनके अनुसार बर्ताव करने पर ही खुशी मिलती है। दूसरों को खुश रखने का यह फेर सबसे पहले खुद की खुशी छीनता है। इतना ही नहीं, खुद की अनदेखी का यह



व्यवहार मन-मस्तिष्क की ऊर्जा भी सोखता है। इसलिए दूसरों की खुशी के लिए अपनी ऊर्जा न नष्ट करें, अपनी खुशी न मारें।

### अपनी खुशी को अहमियत

कोई भी इंसान हर बार, हर हाल में सबको खुश नहीं रख सकता है। 'आई डोंट केयर' वाले अंदाज के साथ इंसान अपने आपको खुश रख सकता है। इसकी बड़ी वजह यह है कि ऐसे लोग स्पष्टवादी बन जाते हैं। प्रतिक्रिया लेने या देने में कोई लाग-लपेट नहीं करते। अपनी नकली छवि बनाए रखने की कोशिश में समय नहीं गंवाते। लोगों की कही हर बात की परवाह करने वाला इंसान खुद की खुशी के लिए कुछ नहीं कर पाता। ऑस्ट्रेलियाई न्यायविद कैथरीन होम्स के मुताबिक, 'किसी चीज की परवाह करना, आपसे वह काम करवा सकता है, जो आपको नहीं करना चाहिए।' समझना मुश्किल नहीं कि हमेशा दूसरों के अनुसार चलने की सोच, अपने मन को खुशी नहीं दे सकती।

### आत्मविश्वास की सौगात

'आई डोंट केयर' की सोच को आमतौर पर नेगेटिव एंगल से देखा जाता है। जबकि यही सोच असल में जिम्मेदारी का भाव भी लाती है। अपने काम, अपनी सोच और अपने फैसलों के प्रति जिम्मेदारी लेने का मनोबल मिलता है। लोगों की टीका-टिप्पणियों पर गौर न करते हुए, जो रास्ता चुना है, उस पर भरोसे के साथ बढ़ते जाने का जज्बा आता है। 'मुझे कोई परवाह नहीं है' या 'मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता', असल में बहुत सी नेगेटिव बातों के लिए मनोवैज्ञानिक मोर्चे पर इंसान का सुरक्षा कवच भी बनता है। बात-बात में मन को ठेस पहुंचाने के हालातों में आगे बढ़ना मुश्किल होता है। ऐसे में दूसरों की ऊल-जुलूल बातों की परवाह ना करना, आत्मविश्वास तो बढ़ाता ही है, अपने सपनों को भी गति देता है। इतना ही नहीं, यह सोच खुद को, दूसरों की जिंदगी में बेवजह दखल देने से भी बचाती है।

### जरूरी है एक संतुलित व्यवहार

**आई डोंट** केयर का यह मतलब नहीं कि हम दूसरों की परवाह बिल्कुल ना करें। दूसरों की परवाह करना गलत नहीं है, लेकिन इसके चलते अपने आपको भूल जाना गलत है। यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, क्योंकि कई बार हम दूसरों की चिंता में तनाव से घिर जाते हैं। इसलिए यह समझना जरूरी है कि दूसरों की मूल्यवान सलाह या परिवार-घनिष्ठ मित्रों की राय हमेशा नजरअंदाज करना भी सही नहीं है। इसमें कोई दो राय नहीं कि दूसरे का ध्यान रखने के पीछे संवेदनशीलता और इंसानियत की सोच रहती है। जब भी, जिस परिस्थिति में भी किसी को सहायता की जरूरत होती है, संवेदनशील मन दूसरों की मदद करने में नहीं चूकता। बात-बात में खुद का मन ना दुखाने की सोच रखने वाले इंसान में अपनों की चिंता और परायों की परेशानी समझने का केयरिंग भाव भी कम नहीं होता। ऐसे लोग कभी किसी को पीड़ा नहीं पहुंचाते। साथ ही तकलीफ के दौर में साथ देने का भाव भी रखते हैं। इसलिए एक संतुलित व्यवहार रखना जरूरी है। इस व्यावहारिक सोच में स्वयं को बेवजह की परेशानियों से बचाने के साथ ही, औरों के मन को समझना भी जरूरी है।



बिहेवियर / मेघा राठी

# शिकायत सुनकर नाराज ना हों

रिश्तों में कभी-कभार शिकायत होना कोई बड़ी बात नहीं। अगर किसी संबंधी ने कोई शिकायत की है तो इसमें नाराज ना हों। शिकायत की वजह समझ कर अपने रिश्तों को बनाए रखना चाहिए।

यह गलत नहीं कहा जाता कि जब तक कोई शिकायत कर रहा है, तब तक यह मान कर चलिए कि उसका संबंध आपसे जुड़ा हुआ है और यदि वह शिकायत करना बंद कर दे तो समझ जाइए कि अब उसका जुड़ाव आपसे खत्म हो चुका है।

**समझें शिकायतकर्ता के मन की बात:** हमें यह समझना चाहिए कि शिकायत करने वाला व्यक्ति हमसे संबंध बनाए रखना चाहता है, इसलिए वह अपनी बातें हमारे सामने रखना चाहता है। हो सकता है कि उसके कहने का ढंग गलत हो, लेकिन क्रोध, आवेग या अभिमान में शिकायत को अनदेखा-अनसुना करना या बहस करके व्यक्ति को चुप करा देना सही नहीं है। वर्षों पुराने अपने रिश्ते इतनी आसानी से नहीं खत्म किए जाने चाहिए। इनका मान रखना चाहिए।

**शिकायत का कारण समझें:** जब भी कोई शिकायत करे तो एक बार ठंडे दिमाग से शिकायत के कारण को समझने का प्रयास जरूर करें। जरूरी नहीं कि हम सही ही हों। हमारे नजरिए से जो काम या बातें सही लग रही हैं, वे दूसरे व्यक्ति को तकलीफ पहुंचा रही हों। शिकायत आने पर दूसरे पहलू को भी समझने का प्रयत्न करें, दूसरे व्यक्ति का पक्ष भी जानें, इसके बाद किसी निर्णय पर पहुंचें। जल्दबाजी में लिए निर्णय गलत भी हो सकते हैं, इससे बाद में हमें अपने निर्णय से पछतावा होगा।

### बातचीत का रास्ता ना करें बंद

क्रोध में आकर संबंधों को खत्म करने से बेहतर है कि हम शांतिपूर्ण बात का रास्ता अपनाएं। हो सकता है, शिकायत किसी भ्रम के कारण उपजी हो या शिकायतकर्ता स्थिति को समझने, स्वीकार करने में



असमर्थ हो। इन परिस्थितियों में बातचीत के माध्यम से शिकायत को दूर किया जा सकता है। अपने रिश्तों को बनाए रखा जा सकता है।

**शिकायत के उद्देश्य को समझें:** हमें यह समझना चाहिए कि शिकायत का उद्देश्य हमेशा गलत नहीं होता है, ना ही दूसरे व्यक्ति को नीचा दिखाना होता है। यदि उद्देश्य गलत नहीं है तो शिकायत को स्वयं के लिए सिरदर्द समझना या तनाव में आना उचित नहीं है। यहां यह समझना भी जरूरी है कि शिकायत के कारण उपजी झुंझलाहट, नाराजगी अधिक महत्वपूर्ण है या व्यक्ति से संबंध, इसके बाद ही निर्णय लीजिए कि किसका साथ देना है और किसका छोड़ना है? यह भी विचार कर लें कि कहीं हम ही अनजाने में बार-बार अपने संबंधी को शिकायत करने का अवसर तो नहीं दे रहे हैं।

**पॉजिटिव रुख अपनाएं:** शिकायतों के प्रति स्वस्थ दृष्टिकोण अपनाया जाए तो यह हमेशा बुरी नहीं होती बल्कि यह हमें स्वयं के व्यक्तित्व विश्लेषण का अवसर देती हैं। साथ ही दूसरे व्यक्ति के व्यक्तित्व को भी समझने का मौका भी देती है। इसको व्यक्तित्व विकास के एक पाठ के रूप में स्वीकार करना चाहिए, किंतु शिकायत का उद्देश्य यदि सही नहीं है, अपमान करना या हानि पहुंचाना है, तब ऐसी शिकायतों पर कठोर कदम जरूर उठाना चाहिए।

मेडिकल सजेशन

डॉ. अंशु जिंदल, स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रेग्नेंसी पीरियड में कुछ महिलाएं कूल्हों के दर्द से बहुत परेशान रहती हैं। इससे बचाव और राहत पाने के लिए यहां दिए जा रहे सजेशन बहुत यूजफुल हो सकते हैं।

# प्रेग्नेंसी में कूल्हों का दर्द ऐसे करें बचाव-उपचार

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उनमें से ही एक है कमर या कूल्हे की हड्डी या दोनों पैरों के बीच में दर्द होना। कई बार तो इतना असहनीय दर्द रहता है कि चलने, उठने-बैठने में भी मुश्किल होने लगती है। यहां तक कि महिलाएं घर के काम भी आसानी से नहीं कर पाती हैं।

**दर्द का कारण:** ऐसे दर्द के कई कारण हो सकते हैं। प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं में बहुत तेजी से शारीरिक बदलाव होते हैं। मांसपेशियां स्ट्रेच करने लगती हैं, लिगामेंट्स फ्लेक्सिबल होने लगती हैं। उनके गर्भ का आकार और भार धीरे-धीरे बढ़ रहा होता है, जिसकी वजह से उन्हें दर्द महसूस होता है। डिलीवरी का समय आने पर यह दर्द ज्यादा बढ़ जाता है। शरीर में हार्मोनल बदलाव, कैल्शियम, प्रोटीन जैसे पोषक तत्त्वों की कमी भी इस दर्द का कारण हो सकता है।

**बचाव के उपाय:** अगर महिलाएं कुछ बातों का ध्यान रखें तो वे प्रेग्नेंसी के दौरान कूल्हों में होने वाले असहनीय दर्द से बच सकती हैं।



- बहुत देर तक खड़े होकर कोई काम न करें। इससे गर्भ का भार नीचे की ओर पड़ेगा और शरीर के निचले हिस्से यानी पेल्विक और कूल्हे के आस-पास दर्द ज्यादा बढ़ सकता है।
- कोई भारी-भरकम सामान न उठाएं या ऐसा काम न करें, जिसमें आपको 5 किलो से ज्यादा वजन उठाना पड़े।
- जहां तक संभव हो प्रेग्नेंसी के दौरान सीढ़ियों पर चढ़ने-उतरने से बचें।
- पोषक और संतुलित आहार का सेवन करें क्योंकि प्रेग्नेंसी के दौरान शरीर में काफी कमजोरी आ जाती है। प्रोटीन ज्यादा मात्रा में लें। खाना सही समय पर, ताजा और घर का बना ही खाएं।
- कई मेडिकल एक्सपर्ट्स मानते हैं कि शरीर में दर्द का संबंध डिहाइड्रेशन यानी शरीर में पानी की कमी से भी होता है। इससे बचने के लिए दिन में 8-10 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा लिक्विड डाइट लेनी चाहिए, जैसे- विटामिन सी वाले फल, जूस, छाछ, नारियल पानी पीना फायदेमंद है।
- प्रेग्नेंट महिलाओं को कैल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए रोजाना सुबह-शाम दूध जरूर पीना चाहिए। डॉक्टर से परामर्श कर कैल्शियम सप्लीमेंट्स भी ले सकती हैं।

**ऐसे मिलेगा आराम:** कूल्हे के दर्द से राहत पाने के लिए प्रेग्नेंट महिलाएं कुछ बातों पर गौर कर सकती हैं।



- रोजाना नारियल तेल या फिर सरसों का तेल लगाकर हल्के हाथों से मसाज करना फायदेमंद है। अपनी क्षमता के अनुसार हल्की-फुल्की एक्सरसाइज या वॉक करें।
- सोते समय करवट लेकर सोना चाहिए और दोनों पैरों के बीच तकिया लगाकर सोएं। इससे यूटेरस और कूल्हों पर कम प्रेशर पड़ेगा। इसी तरह कुर्सी या सोफे पर बैठते समय पीछे तकिया लगाकर बैठें।
- यथासंभव वेस्टर्न टॉयलेट का इस्तेमाल करें, क्योंकि इंडियन टॉयलेट में नीचे बैठने पर दर्द बढ़ सकता है।
- झटके से उठना-बैठना अवॉयड करें। इससे दर्द बढ़ सकता है।

प्रस्तुति:रजनी अरोड़ा

रेसिपी

ओम प्रकाश गुप्ता

तपिश भरी गर्मी से राहत पाने के लिए बार-बार कुछ ठंडा खाने का मन करता है। इसीलिए हम आपको बता रहे हैं, आसानी से बनने वाली कुछ टेस्टी कुल्फी की रेसिपी।

# हॉट सीजन-चिल्ड कुल्फी

### आड़ू कुल्फी



**सामग्री:** पके आड़ू-2, फुल क्रीम दूध-1 लीटर, मिल्क पावडर-2 बड़े चम्मच, पिसी चीनी-6 बड़े चम्मच, ताजा क्रीम-2 बड़े चम्मच

**विधि:** पहले आड़ुओं का गूदा निकालकर मिक्सी में पीसकर पेस्ट बनाएं। एक बर्तन में दूध को आधा रहने तक पकाएं। इसमें चीनी, आड़ू पेस्ट और मिल्क पावडर मिलाकर फेंटें। मिश्रण को कुल्फी के सांचों में भरकर 6-7 घंटे के लिए फ्रिजर में रखें। सांचों से निकालकर तुरंत सर्व करें।


### अंजीर-दही कुल्फी



**सामग्री:** सूखे अंजीर-4 (3-4 घंटे पानी में भीगे), चक्का दही-300 ग्राम, ठंडा दूध-आधा कप, बादाम चूरा-1 बड़ा चम्मच, पिसी चीनी-2 बड़े चम्मच, वनिला एसेंस-आधा छोटा चम्मच, कटे बादाम-2 छोटे चम्मच

**विधि:** भीगे अंजीरों को मिक्सी में पीसकर पेस्ट बना लें। बादाम चूरा छोड़कर शेष सारी सामग्री इसके साथ अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को कुल्फी मोल्ड्स में डालकर 6 से 8 घंटों के लिए फ्रिजर में रखें। जमने पर कुल्फियों को मोल्ड्स से निकालें और बादाम चूरा बुरक कर सर्व करें।

### ब्लैक करेंट कीवी कुल्फी



**सामग्री:** ब्लैक करेंट (काले अंगूर) क्रश-2 बड़े चम्मच, कीवी क्रश-2 बड़े चम्मच, फुल क्रीम दूध-1 लीटर, मिल्क पावडर-2 बड़े चम्मच, पिसी चीनी-4 बड़े चम्मच

**विधि:** पहले दूध को मोटे तले के बर्तन में उबालें और चलाते हुए आधा रहने तक पकाएं। इसमें पिसी चीनी और मिल्क पावडर मिलाएं और ठंडा करके दो भागों में बांट लें। एक भाग में एक बड़ा चम्मच पानी और कीवी क्रश मिलाएं, दूसरे में केवल ब्लैक करेंट क्रश मिलाएं। अब कुल्फी मोल्ड्स में कीवी मिश्रण आधा-आधा भरें फिर ब्लैक करेंट मिश्रण इनके ठीक बीच में डालें। इन मोल्ड्स को 7-8 घंटे के लिए फ्रिजर में रखें। जमने पर निकालें और काटकर सर्व करें।



आपकी खूबसूरती तब और बढ़ जाती है, जब लिप्स सॉफ्ट-पिंक हों। लेकिन किसी वजह से अगर आपके लिप्स डार्क दिखने लगें तो आप कुछ इफेक्टिव होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं।

# जब लिप्स दिखने लगें डार्क आजमाएं ईजी होम रेमिडीज



केयर

शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

तेज धूप, शरीर में पानी की कमी और बार-बार होंठों पर जीभ फेरने से कई बार इनका कलर डार्क दिखने लगता है। इसके अलावा शरीर में खून की कमी, अस्त-व्यस्त जीवनशैली, ज्यादा चाय, कॉफी पीने से भी होंठ काले पड़ जाते हैं। यही नहीं ज्यादा लिपस्टिक लगाने से भी लिप्स का कलर डार्क हो सकता है। वजह कोई भी हो, डार्क लिप्स अच्छे नहीं लगते हैं। इनसे छुटकारा पाने के लिए आप कुछ ईजी-इफेक्टिव होम रेमिडीज अपना सकती हैं।



**लिप्स स्क्रब :** डार्क लिप्स को सॉफ्ट और पिंक बनाने के लिए स्क्रब का यूज कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए आपको आधा चम्मच मलाई में एक चौथाई चम्मच चीनी और आधा चम्मच नीबू का रस मिलाना होगा। इसे अच्छी तरह मिक्स कर होंठों पर हल्के से स्क्रबिंग करें।

**खीरे का जूस :** लिप्स कलर को ग्लोइंग बनाने में खीरा भी इफेक्टिव होता है। इसके लिए खीरे का जूस बनाकर फ्रिज में रख दीजिए। इस जूस को रुई की मदद से होंठों पर लगाकर छोड़ दें और कुछ समय बाद ताजे पानी से धो डालिए। खीरे में मौजूद विटामिन ए और सी होंठों के कालेपन को दूर करने में असरदार साबित होते हैं। खीरे का जूस एंटीऑक्सीडेंट्स और सिलिका रिच कंपाउंड्स से भरपूर होता है। ये कंपाउंड्स, पिगमेंटेशन को कम कर होंठों के डार्क कलर को लाइट करते हैं।



**नीबू-शक्कर पेस्ट ब्लीचिंग :** नीबू में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो ब्लीचिंग की तरह काम करते हैं। इस गुण की वजह से होंठों के कालेपन को दूर करने में नीबू काफी मददगार होता है। एक कांच की कटोरी में एक चम्मच शक्कर और एक चम्मच नीबू के रस को मिला लें। शक्कर थोड़ी पिघल जाने पर इसमें आधा चम्मच शहद को मिला लें। इससे केवल अपने चेहरे को साफ कर लें और इसके बाद ताजे पानी से धोकर होंठों को सुखा लें। कुछ देर बाद केवल होंठों पर इस पेस्ट को लगाकर लगभग 30 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद होंठों को पानी से साफ कर लें और लिप बाम लगा लें। इसे रोजाना करने से आपके होंठों की रंगत में कुछ ही समय में असर दिखने लगेगा।



**हल्दी-मलाई पेस्ट :** हल्दी और मलाई का पेस्ट बनाकर रात में सोने से पहले होंठों पर हल्की-हल्की मसाज करें। हल्दी में एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेंटरी गुण मौजूद होते हैं, जो होंठों के कालेपन के साथ, फटे होंठों की समस्या को भी दूर करते हैं। मलाई, होंठों को पोषण देकर इसकी रंगत को निखार देगी। रात के समय होंठों पर शुद्ध देसी घी लगाकर सोने से भी होंठ नरम और गुलाबी हो जाते हैं।

**एलोवेरा जैल :** एलोवेरा जैल भी होंठों को निखारने में कारगर है। दिन में कभी भी आप अपने होंठों पर एलोवेरा जैल लगा सकती हैं। एलोवेरा में एंटीइंफ्लेमेट्री गुण होते हैं, जो होंठों के रंग को डार्क होने से रोकता है।

## खबर संक्षेप



नारनौल। क्षतिग्रस्त सीवर ढक्कन दिखाते लोग। फोटो : हरिभूमि

### क्षतिग्रस्त सीवरेज ढक्कन दे रहा हादसों को निमंत्रण

**नारनौल।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की लापरवाही के चलते मौहल्ला मिश्रवाड़ा में मार्ग के बीचों बीच एक सीवरेज का ढक्कन काफी दिनों से क्षतिग्रस्त हालत में पड़ा हुआ है। जिसके संदर्भ में पड़ोसी सियाराम सोनी, रतन चौधरी, कृष्ण सोनी व हेमु सोनी ने बताया कि यह टूटा हुआ सीवरेज का ढक्कन काफी दिनों से हम लोगों के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। क्षतिग्रस्त ढक्कन के कारण बड़ा हादसा होने की प्रबल संभावना है। इसकी शिकायत उन्होंने विभाग को दी हुई है लेकिन विभाग कुम्भकर्णीय नींद सोया हुआ है और किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा हैं।

### विशेष लोक अदालत का आयोजन 29 जुलाई से

**चरखी दादरी।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आगामी 29 जुलाई से 3 अगस्त तक न्यायालय में लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला एवं सत्र न्यायधीश नरेश कुमार ने बताया कि सवोच्च न्यायालय में लंबे समय से चलने वाले मामलों से संबंधित पार्टियां यदि विशेष लोक अदालत के सामने रखना चाहती है तो वे 28 जुलाई से पहले स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं।

### उपभोक्ताओं को करवानी होगी ई-केवाईसी

**भिवानी।** पेट्रेलियम विभाग ने गैस-सिलेंडर उपभोक्ताओं के लिए नई गाइड लाइन जारी की है तथा गैस एजेंसी संचालकों को इन नए नियमों की जानकारी जल्द से जल्द प्रत्येक उपभोक्ता तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए है। इन नए नियमों के तहत अब प्रत्येक गैस उपभोक्ता को अपनी बायोमैट्रिक ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य है, ये जानकारी ओउम गैस एजेंसी के संचालक हंसराज ने दी है।

## नारनौल के अलावा अटेली, बाछोद व सेहलंग के अस्पतालों में भी हुआ प्रदर्शन

# नियमित करने की मांग को लेकर एनएचएम कर्मचारियों ने किया विरोध-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। नागरिक अस्पताल में प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

नियमितीकरण व अन्य लंबित मांगों को लेकर नेशनल हेल्थ मिशन कर्मचारियों ने स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा (संबंधित भारतीय मजदूर संघ) के बैनर तले सोमवार को नागरिक अस्पताल समेत जिलेभर के सरकारी अस्पतालों में रोष प्रदर्शन आयोजित किया तथा काली पट्टी एवं रिबन अपनी ड्रेस पर लगाकर आक्रोश आंदोलन की शुरूआत की। एनएचएम के अधीन जिले में लगभग 580 कर्मचारी कार्यरत हैं। नारनौल के अलावा अटेली, बाछोद व सेहलंग के अस्पतालों में भी प्रदर्शन किया गया।

राज्य कमेटी सदस्य हरकेश ने बताया कि पिछले पांच वषार्ें से हरियाणा प्रदेश में कार्यरत एनएचएम के कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी सरकार व विभाग द्वारा की जा रही है। संगठन ने पत्राचार व बैठकों के माध्यम से सरकार के सम्मुख बातें रखी हैं। उन्होंने बताया कि एनएचएम कर्मचारियों को नियमित करने के लिए वर्ष 2016 में दो बार अधिकारियों के द्वारा मसौदा तैयार किया गया था, जिसकी सरकार द्वारा उपेक्षा की गई। वर्ष 2021 में तत्कालीन मुख्यमंत्री हरियाणा द्वारा एनएचएम कर्मचारियों के कोविड काल के दौरान किए गए कार्य को देखते हुए 7वें वेतनमान आयोग की सिफारिशें लागू करने की मंजूरी दी थी, लेकिन विभाग एवं अधिकारियों द्वारा हर बार किसी न किसी प्रकार की अनावश्यक अनापत्तियां लगाकर मुख्यमंत्री की घोषणा को लागू नहीं कर रहे। जब भी एनएचएम कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर सरकार एवं अधिकारियों से बात करते हैं तो उन्हें केवल एक ही जवाब दिया जाता है कि आज तक कहीं भी एनएचएम कर्मचारी को नियमित नहीं किया गया है। जिला मंत्री विनोद राव ने कहा कि इस बारे में हम सरकार एवं अधिकारियों को अवगत कराना चाहते हैं कि भारत सरकार द्वारा कई बार अपने विभिन्न पत्राचारों के दौरान एनएचएम कर्मचारियों को स्वास्थ्य विभाग में समायोजित करने के लिए राज्य सरकारों को निर्देशित किया गया है। इसी संदर्भ में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कल्याण मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा जारी पत्र क्रमांकः 10937/20011—1 दिनांक:21 दिसंबर 2011 के तहत वर्ष 2022 में मणिपुर राज्य में एनएचएम कर्मचारियों को नियमित करने का कार्य किया गया है। इससे जुड़े सभी दस्तावेज कर्मचारी संघ द्वारा मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री एवं विभाग के अधिकारियों को प्रस्तुत किए गए हैं। उक्त पत्र की अनुपालना हरियाणा राज्य में आज भी लंबित है। जिला अध्यक्ष डॉ. पुष्पेंद्र ने बताया कि कहीं न कहीं अधिकारी सरकार को गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं। अपनी मांगों के समर्थन में एनएचएम कर्मचारी दो जुलाई को सभी सिविल सर्जनों के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा को ज्ञापन सौपेंगा। तत्पश्चात आठ जुलाई से 12 जुलाई तक सभी एमपी विधायक पक्ष व प्रतिपक्ष के माध्यम से ज्ञापन सौंपेंगे। अगर फिर भी सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती है तो 14 जुलाई को एक बड़ी बैठक करके तुरंत प्रभाव से आंदोलन पर बैठने के लिए विवश होंगे, जिसकी पूर्णतया जिम्मेदारी सरकार व स्वास्थ्य विभाग की होगी। सोमवार नारनौल के अलावा अटेली, बाछोद व सेहलंग के अस्पतालों में भी प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों में हेमंत यादव, संजू, उमेश कश्यप, विजय यादव, सुनीता यादव, बिंदु यादव, लोकेश शर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, मनोज वर्मा, डा. सहदेव, संदीप, अनूप यादव, मोहन शर्मा, प्रवीण, कंवरपाल, मीना यादव, ज्योत्सना यादव, भूपेंद्र यादव, सरिता, प्रमिला, मंजू, सरोज देवी, सुनीता माम, कमलेश, मधुसूदन, प्रेम सैनी, गौरव कक्कड़, डा. जिलेसिंह, डा. तनुज, सुमन यादव, सुशीला, संतोष कुमारी, शीला व निशा शर्मा आदि शामिल रहे।



नारनौल। सुभाष पार्क में लोगों को जागरूक करते पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

# युवाओं को नशा नहीं करने की दिलाई शपथ

- सुभाष पार्क में नशे के विरुद्ध किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। इसके तहत जिलेभर के भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों, शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस लगातर युवाओं और अन्य लोगों को नशे से होने वाली हानि के बारे में जागरूक रही है। रविवार को महिला थाना की पुलिस टीम ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस पार्क में नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस ने युवाओं को तमाम प्रकार के नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। टीम ने छात्रों से जीवन में कभी भी नशा नहीं करने का संकल्प लेने की बात कही। यह अभियान पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के निर्देशानुसार 12 से 26 जून तक चलाया जा रहा है। पुलिस द्वारा लोगों को जीवन को हां कहें और नशे को ना कहें थीम के साथ जागरूक करते हुए नशा ना करने की शपथ भी दिलाई जा रही है। पुलिस अनेक स्लोगन के साथ युवाओं को जागरूक कर रही है। पुलिस द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि आपका परिवार महत्वपूर्ण है। उसका ख्याल रखें और नशे से दूर रहें। पुलिस का मिशन ड्रग्स फ्री हरियाणा कैंपेन के अन्तर्गत जागरुकता कार्यक्रम जारी है। सार्वजनिक स्थानों एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर विभिन्न लोगों के सहयोग से ई-प्रतिज्ञा का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन और पम्पलेट वितरण और रेडियो अरावली के जरिए नशे के नुकसान बताते हुए जागरूक किया जा रहा है।

# अटेली विधानसभा में आईएमटी स्थापित करने की मांग : अतरसिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। गुढ़ा में जनसम्पर्क के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए बसपा नेता अतरलाल एडवोकेट। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश सरकार से अटेली विधानसभा क्षेत्र में औद्योगिक मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) स्थापित करने की मांग प्रमुख समाजसेवी बसपा नेता अतरलाल ने की है। उन्होंने यह मांग जिला के गुढ़ा गांव में जनसम्पर्क के दौरान उठाई। उन्होंने कहा कि सब से ज्यादा बेरोजगारी अटेली विधानसभा क्षेत्र में है। इलाके के 104 गांवों के बीस हजार पढ़े-लिखे युवा बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। मां-बाप के सिर पर बोझ बने बैठे हैं। उन्होंने कहा कि औद्योगिक मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) बसाने से इलाके में विकास की बहार आएगी। उद्योग लगेंगे और युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि 10 साल से यह मांग उठा रहे हैं। राज्य सरकार ने अनेक जगह आईएमटी स्थापित की है परन्तु अटेली के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। जिला युवा प्रकोष्ठ के प्रधान राकेश यादव ने राज्य सरकार पर नहरी पानी, बिजली, विकास कायोंर् तथा नौकरियों में अटेली क्षेत्र के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि अब अति हो चुकी है। हम भेदभाव बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कनीना में लेबर ऑफिस स्थापित करने की मांग भी की। जनसम्पर्क के दौरान कैलाश सेठ, भाग सिंह तंवर, दानसिंह प्रजापत, शेर सिंह यादव, मदनसिंह ने भी विचार व्यक्त किए।

# रोटरी रसोई में मिल रहा 10 रुपये में भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। रोटरी रसोई पर भोजन वितरित कर सेवा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

रोटरी क्लब की ओर से महावीर चौक पर संचालित रोटरी रसोई में पिछले करीब पांच वषोंर् से प्रतिदिन मात्र 10 रुपये में लोगों को भरपेट भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिसमें रोटरी सदस्यों के अलावा क्षेत्र के अन्य जागरूक नागरिक भी अपना विशेष सहयोग प्रदान कर सेवा देते रहते हैं।

इसी कड़ी में सोमवार को श्यामपुरा निवासी दिनेश जेलदार व उनकी धर्मपत्नी रितु ने अपने पिता श्योताज सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी आत्मिक शांति के लिए रोटरी रसोई में जरुरतमंदों को भोजन खिला कर अपना विशेष सहयोग प्रदान किया।

उन्होंने भोजन सेवा करते हुए कहा कि अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ आदि अपने किसी भी विशेष अवसर पर किसी जरूरतमंद की सेवा करने से अधिक पुण्य कर्म और कुछ नही हो सकता। रोटरी रसोई के माध्यम से प्रतिदिन जरूरतमंद लोगों का पेट भर रहा है। इसमें अगर हम अपनी ओर से कुछ सहयोग कर पाते हैं, तो यह हम सभी के लिए पुण्य कर्म है।

प्रधान नरेश गोगिया ने बताया कि रोटरी रसोई पर प्रतिदिन करीब 300 से 350 जरूरतमंद लोग अपना पेट भरते हैं और अनेक जागरूक लोग अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, पुण्यतिथि या अन्य किसी भी विशेष अवसर को रोटरी रसोई के संग मना कर अपने दिन को यादगार बनाते हैं। ऐसे लोगों के निःस्वार्थ सेवा और सहयोग की बदौलत ही इतने वषोंर् से रोटरी रसोई निरंतर सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। रसोई के समापन पर सभी सहयोग कर्ताओं को उनके पुण्य सहयोग के लिए क्लब की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर एडवोकेट राजकुमार यादव, नरेश गोगिया, पवन यादव, दिनेश भार्गव, लक्ष्य व मंगल रईस आदि मौजूद रहे।

# राजकीय आईटीआई में आयोजित जॉब मेले में 17 छात्रों का चयन




नारनौल। साक्षात्कार लेते कंपनी प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** राजकीय आईटीआई में सोमवार जॉब मेले में 17 छात्रों का चयन किया। प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल ने बताया कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के दिशा निर्देश अनुसार समय-समय पर जॉब मेलों का आयोजन किया जाता रहता है। इस मेला में निपोन स्टील पाइप प्राईवेट लिमिटेड नीमराना द्वारा वेल्डर, शीट मैटल, फिटर, इलेक्ट्रीशियन, टर्नर व व्यवसाय कोर्स की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को ट्रैनी ऑपरेटर के तौर पर चयन किया। प्रधानाचार्य ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कंपनी की तरफ से आए हुए प्रतिनिधि का धन्यवाद किया। इस अवसर पर शिक्षुता एवं प्लेसमेंट अधिकारी सुदर्शन कुमार ने बताया कि निपोन स्टील पाइप प्राईवेट लिमिटेड नीमराना के एचआर मैनेजर शशिकांत सोनी ने आईटीआई पास आउट छात्रों का चयन लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के माध्यम से किया गया। इस मौके पर कार्यालय अधीक्षक सत्यनारायण जांगड़ा, वर्ग अनुदेशक सुनील यादव, मेजर विरेन्द्र सेकवाल, अमित रंगा, मनीष सैन, विपिन गुप्ता, जयप्रकाश, अशोक कुमार, मुकेश आदि समस्त स्टाफ मौजूद था।

# कर्मचारी भी हिंसक होते बंदरों से हुए परेशान

- कनीना में बंदरो ने दर्जनों व्यक्तियों को काट कर किया घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



कनीना। कनीना में बीच रास्ते बैठा बंदरों का झुंड। फोटो : हरिभूमि

कनीना में हिंसक होते जा रहे बंदरों का आंतक बढ़ता जा रहा है। सैंकड़ों की संख्या से अधिक बंदर कहीं न कहीं स्वतंत्र होकर भरे बाजार उछलकूद करते हैं जिसे लेकर आमजन चिंतित है। ये बंदर घरों में घुसकर कीमती सामान को क्षति पहुंचाते हैं, उनकी ऐसी गतिविधि को रोकने के प्रयास किए जाते हैं तो वे उग्र हो जाते हैं ओर घर के सदस्यों पर हमला बोल देते हैं। तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, नगर पालिका कार्यालय, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय, पुलिस थाना, कोर्ट कैंपस सहित अन्य स्थानों पर बंदर झुंड बनाकर घूमते देखे जा सकते हैं। सरकारी कार्यलयों में आए लोगों की गाड़ियों के शीशे तोड़ना, सीसीटीवी कैमरे एवं टेलीफोन की केबल तोड़ना, दुकानदारों के सामान को क्षतिग्रस्त करना, फल-सब्जि ले भागना तथा इन्हें दूर भगाने की कौशिश करने पर आक्रामक होना सामान्य बात हो गई है। दिलचस्प बात है कि हिंसाक हुए बंदरों ने अब तक करीब दर्जनभर लोगों को काट कर घायल कर दिया है। जहां से इनका झुंड गुजरता है वहां आमजन दहशत में आ जाता है। बंदरों के काटने से घायल हुए शिवकुमार, विजय कुमार, राहुल व हिमांशु ने बताया कि रोजमर्रा का कार्य करते समय बंदर आ गए और हमला कर उन्हें काट खाया। सरकारी कार्यालयों में विभिन्न कायोंर् से आने वाले नागरिक भयभीत हैं। शिवकुमार ने कहा कि नपा प्रशासन को कई पत्र लिखकर बंदर पकडवाने की गुहार लगाई है। जिनकी ओर से बंदरों से निजात दिलाने का आश्वासन दिया गया है। इस बारे में नपा सचिव समयपाल सिंह ने कहा कि बंदर पकड़वाने की योजना को जल्द ही अंतिम रूप दिया जायेगा। नियमानुसार बंदरों को पकड़ कर जंगल में छोड़ा जाएगा।

# ओबीसी आरक्षण 15 से 27 प्रतिशत करने पर सीएम का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



रमेश राव पायलट

- प्रदेश के 50 प्रतिशत ओबीसी समाज को न्याय देने का काम किया

हरियाणा यादव महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष व सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट रमेश राव पायलट ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हरियाणा में ग्रुप-ए व ग्रुप-बी की नौकरियों में लंबे समय से चल रहे 15 प्रतिशत आरक्षण को बढ़ाकर पूरे देश के समक्ष 27 प्रतिशत करने के निर्णय की सराहना की है। रमेश राव ने कहा कि यह निर्णय ओबीसी समाज के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ओबीसी समाज के साथ बहुत समय से चले आ रहे इस अन्याय को खत्म कर हरियाणा के 50 प्रतिशत ओबीसी समाज को न्याय देने का काम किया है। वह ओबीसी समाज हमेशा याद रखेगा। पायलट ने कहा कि मुख्यमंत्री ने ओबीसी क्रिमीलेयर को छह लाख से बढ़कर आठ लाख करने व क्रिमीलेयर आय में वेतन व कृषि आय को शामिल नहीं करने व ओबीसी के ग्रुप-ए और बी के बैकलॉग को पूरा करने की घोषणा का भी स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए जल्दी ही मुख्यमंत्री को हरियाणा यादव महासभा द्वारा सम्मानित करेगी। पायलट ने कहा कि यह पूरे ओबीसी समाज के लिए बड़े गर्व व गौरव की बात है कि एक बहुत बड़े लंबे समय के बाद ओबीसी समाज का कोई मुख्यमंत्री पद पर पहुंचा है। वह हरियाणा के 50 प्रतिशत ओबीसी आबादी के दुख दर्द व तकलीफ को जानता है। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में ओबीसी के समाज का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल है।

**खुशी** प्रदेश सरकार के इस निर्णय का किया स्वागत, रेवाड़ी रोड पर लड्डु बांटकर मनाई खुशियां

# ओबीसी क्रीमिलेयर की आय सीमा छह से बढ़ाकर आठ लाख करना सराहनीय कार्य : भारती सैनी

हरिभूमि न्यूज नारनौल




नारनौल। रेवाड़ी रोड पर समर्थकों के साथ खुशी मनाती भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष भारती सैनी

हरियाणा में भाजपा सरकार ने ओबीसी क्रीमीनलेयर की आय सीमा छह लाख से बढ़ाकर आठ लाख करने की घोषणा से आमजन में खुशी है। इसी खुशी को बांटने के लिए सोमवार भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष भारती सैनी की अगुवाई में रेवाड़ी रोड़ पर लड्डू बांटकर खुशी मनाई गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष दयाराम यादव भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष भारती सैनी ने कहा कि रविवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा की ओर से गुरुग्राम के तिकोना पार्क में समरसता सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की तर्ज पर आय में वेतन और कृषि से आय को शामिल नहीं किया जाएगा। इससे ओबीसी वर्ग को काफी लाभ होगा। यहीं नहीं, नौकरियों में पिछड़ा वर्ग ए और बी के बैगलाग को जल्द ही प्राथमिकता के आधार पर भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ओबीसी वर्ग के हितों की रक्षा कर रही है और आगे भी करेगी। इस मौके पर पवन प्रजापत, अशोक धोबी, पूर्व पार्षद गीता सैनी, मुकेश यादव, उपासना यादव, योगिता सैनी, सुनीता यादव, ममता, सुमन, शशी, निर्मला नीरपुर, पूर्व पार्षद महेंद्र गौड़, ओबीसी मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य माडूराम सैनी, कैलाश जांगिड़, सैनी आश्रम प्रधान ओमप्रकाश सैनी, महेश कुमार, धीरज सैनी, ओमप्रकाश सैनी, सतीश, रामरूप, नीरज कोकचा, बलबीर, कंवरसिंह यादव, रणजीत सैनी, अजीत दुबलाना, प्रकाश सैनी, लक्ष्मण सैनी, राकेश सरपंच भूषण, सहवाग खुराना, मंगल सिंह, गजानंद, प्रकाश, सोमदत्त यादव, चन्दूलाल, योगेश कुमार, होशियार, बलवंत कुमार, योगेश कुमार, बलवंत सैनी, पूर्व प्रधान सहेंद्र सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### नसीब भवन निर्माण श्रमिक संघ के जिला अध्यक्ष बने

**चरखी दादरी।** भवन निर्माण श्रमिक संघ संबधित भारतीय मजदूर संघ का जिला अधिवेशन 24 जून को जांगड़ा धर्मशाला दादरी में हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भवन निर्माण श्रमिक संघ प्रदेश महामंत्री रवि कुमार, विभाग प्रमुख व प्रदेश मीडिया प्रभारी विनोद खेड़ा की गरिमामय उपस्थिति रही। विभाग प्रमुख विनोद ने जिले की घोषणा की, जिसमे सर्वसमिति द्वारा जिला चरखी दादरी की कार्यकारिणी का गठन किया।

**Notice**

I, Girdhari Doom S/o Jagdish Doom R/o Village Nasibpur Tehsildar Narnaul District Mahendergarh , have changed my name from Girdhari to Girdhari Doom for all future purposes

**सूचना**

मै महेश कुमार पुत्र बंशीधर वासीगांव खासपुर तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अतुल कुमार व उसकी पत्नी एकता मेरे कहने सुनने से बाहर है और हर दिन घर में लडाई झगडा करते रहते है। इसलिए मै उनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**खबर संक्षेप**



नारनौल। कृष्णावतार जांगिड़ को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## कृष्ण अवतार सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित

**नारनौल।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा दिल्ली की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग राजस्थान के सीकर में आयोजित की गई, जिसमें अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा दिल्ली के संरक्षक कृष्णावतार जांगिड़ को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर महासभा प्रधान द्वारा एक प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## साप्ताहिक सुंदरकांड पाठ आज

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल की ओर से साप्ताहिक निशुल्क सुंदरकांड पाठ का आयोजन 25 जून रात हुडा सेक्टर-वन में चमत्कारी बालाजी के पास अध्यापिका रेनू यादव पत्नी वीरसिंह के निवास स्थान पर किया जाएगा। इस संबंध में मंडल के सदस्य राजेश सोनी ने बताया कि सुंदरकांड पाठ की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल करेंगे। सुंदरकांड पाठ के बाद भजनों का दौर शुरू होगा, जिसमें शहर के गायक कलाकार भजनों से बालाजी महाराज का गुणगान करेंगे।

## डिप्लोमा कोर्स 2024-25 के लिए आवेदन आमंत्रित

**नारनौल।** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ हैंडलूम टेक्नोलॉजी जोधपुर की ओर से डिप्लोमा कोर्स 2024-25 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक उम्मीदवार 25 जुलाई आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए जिला एमएसएमई केंद्र के उपनिदेशक संदीप ने बताया कि इंडियन इंस्टीट्यूट टेक्नोलोजी चौखा रोड चौखा जोधपुर में प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में लैटरल एंट्री सिस्टम एडमिशन के लिए इच्छुक उम्मीदवार एमएसएमई विभाग की वेबसाइट एमएसएमई हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पर आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा निजामपुर रोड स्थित जिला एमएसएमई केंद्र में आवेदन जमा करवा सकते हैं।

# इंस्ट्राग्राम पर दोस्ती, होटल में भी दूसरे की आईडी दिखा किया दुष्कर्म, अब पीड़िता को फोटो वायरल करने का सता रहा डर

- पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में लगाए गंभीर आरोप परिजनों की रक्षा की भी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जब छात्रा स्कूल में थी तो इंस्ट्राग्राम पर युवक से दोस्ती हुई। बाद में युवक ने शादी का झांसा दिया। कोचिंग गई तो बहलाकर जूस पिलाने कैफे पर लेकर गया। वहां जूस में कुछ मिलाकर दुष्कर्म किया। फिर उसकी अर्धनग्न फोटो मोबाइल में कैद कर ली। नाबालिग होने के कारण होटल में भी दूसरे की आईडी दिखा कमरा लिया और गलत कार्य किया। अब पीड़िता को फोटो वायरल होने का डर सता रहा है। साथ ही पीड़िता ने परिजनों की रक्षा की भी पुलिस से मांग की है। इस संबंध में परिजनों ने एसपी से भी मुलाकात की और घटनाक्रम बताया। पीड़िता ने महिला थाना में दी शिकायत में बताया है कि 14 जनवरी 2021 को वह एक नामजद युवक ने इंस्ट्राग्राम आईडी पर फ्रंड रिक्वेस्ट भेजी।

उसके बाद नॉर्मल चैट होने लग गई। यह युवक स्कूल में भी पीठा करने लगा। वह कहता कि वह आपसे ही शादी करेगा। वह उसके बहकावे में आ गई। उससे बात करने लग गई। अप्रैल-2023 में वह नारनौल शहर की एक एकेडमी में कोचिंग करने आती थी। इस युवक ने उसे बहकाकर कैफे में जूस पीने के बहाने ले गया। उस समय युवक के पास कुछ था, जो उसने जूस में मिलाकर उसे पिला दिया। जिससे वह बेहोश की हालत में हो गई। युवक ने कैफे के अंदर दुष्कर्म किया।

अर्धनग्न की फोटो मोबाइल में खींच ली। उसके बाद फोटो वायरल करने के बहाने ब्लैकमेलिंग करता था। दबाव बनाकर शहर कैफे लेकर गया। वहां पर भी गलत कार्य किया। इस तरह अप्रैल-मई 2023 में युवक रेवाड़ी रोड के एक होटल में भी लेकर गया, वहां नाबालिग होने के कारण होटल वालों ने कमरा किराये पर देने से मना कर दिया। जिस पर युवक ने अपने मोबाइल से आधार कार्ड स्वयं की जगह दूसरे नाम के व्यक्ति और उसकी जगह दूसरे नाम की लड़की का आधार कार्ड दिया। होटल कर्मी को बता दिया था कि जो नाम बताया गया है, वह उसका नहीं है। होटल कर्मी ने कहा कि कोई बात नहीं आप दूसरी लड़की के हस्ताक्षर कर दो। युवक ने हस्ताक्षर करने का दबाव दिया तो उसे दूसरी लड़की का नाम लिखकर हस्ताक्षर कर दिए। फिर युवक उसे होटल के कमरे में ले गया और दुष्कर्म किया। अप्रैल-मई 2023 में युवक ने उसे ब्लैकमेल करते हुए तीन-चार बार गलत कार्य किया। अर्धनग्न की फोटो भी मोबाइल में बना ली। इस माह 12 जून को वह मम्मी दुकान से सामान लेने गए थे। जब सामान लेकर वापिस आ रहे थे तो मम्मी एक जगह रूक गई। वह थोड़ा आगे चल रही थी तो युवक ने रास्ते में उसके साथ अश्लील हरकत की। शिकायत में आरोप है कि यह देख शोर मचाया तो मम्मी पास आने लगी तो नामजद व्यक्ति ने उनके साथ गलत हरकत की और मम्मी का ब्लाउज फाड़ दिया। उस समय नामजद व्यक्ति ने हाथ में ली हुई पिस्टल से मम्मी को डराया। उसी दौरान गांव की काफी महिलाएं व व्यक्ति एकत्रित हो गए। युवक को उन्होंने पकड़ लिया और नामजद व्यक्ति मौका देखकर महिलाओं से छुपकर भाग गया। पापा को किसी ने कॉल की। पापा ने डायल 112 पर कॉल की। पुलिस मौके पर आई। युवक व पापा को पुलिस चौकी फैजाबाद में लेकर गए। चौकी कर्मी ने कहा कि महिला थाना में शिकायत करें। युवक द्वारा फोटो वायरल करने के डर की वजह व ब्लैकमेल करने की वजह से वह सारी बातें अपनी दरखास्त में नहीं लिख सकी।

### 12 जून को हुई घटना

12 जून को हुई घटना के बारे में ही पुलिस को दरखास्त दी। अब वह कुछ ठीक है। पुलिस ने दी गई दरखास्त पर एफआईआर दर्ज कर दी। युवक ने उसके साथ अप्रैल-मई 2023 को कई बार दुष्कर्म किया और अर्ध नग्न फोटो अपने मोबाइल में खींची। युवक के डर व दबाव की वजह से उसके साथ उसके कहे अनुसार चैट करती थी। उसकी मांग की है कि नामजद आरोपित युवक व व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। परिवार की रक्षा की जाए। नामजद युवक से यह भी पता लगाया जाए कि अर्धनग्न फोटो वीडियो बनाई थी, वह कहीं वायरल तो नहीं की है।

### लघुसचिवालय में दिया सांकेतिक धरना

# जिला मुख्यालय स्थापित करने की मांग ने फिर जोर पकड़ा

**विभिन्न संगठनों व अधिवक्ताओं ने समाधान शिविर में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़





**महेंद्रगढ़।** लघुसचिवालय के बाहर नारेबाजी कर रोष जताते हुए व एसडीएम संजीव कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

सीएम नायब सैनी द्वारा गोहाना व हांसी को जिला बनाने की घोषणा करने के बाद अब महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। 21 जून को भी क्षेत्र के लोगों ने सीएम को ज्ञापन भेजकर जिला मुख्यालय स्थापित करने की मांग की थी। सोमवार को अधिवक्ताओं व सामाजिक संगठनों के लोगों ने सांकेतिक धरना व सरकार के प्रति नारेबाजी कर महेंद्रगढ़ को जिला मुख्यालय देने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने नारनौल को अलग जिला बनाने व महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित करने को लेकर सीएम को एक ज्ञापन भी भेजा है।

बता दें कि महेंद्रगढ़ क्षेत्र के लोग काफी लंबे समय से महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित कराने की मांग कर रहे हैं। वर्ष 2019 में भी बार एसोसिएशन द्वारा करीब तीन महीने का धरना दिया गया था। इसके अलावा दुकानदारों ने भी बाजार को बंद कर जिला मुख्यालय स्थापित करने की मांग कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न सामाजिक संगठन के लोग भी सीएम को कई बार ज्ञापन भेजे जा चुके हैं, लेकिन अभी तक प्रदेश सरकार की ओर से कोई रूचि नहीं ली गई है।

सांकतिक धरना दे रहे अधिवक्ताओं व सामाजिक संगठनों के लोगों ने कहा कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले नए जिले, उपमंडल, पंचायत समिति, तहसील, उप तहसील व पंचायत आदि का पुनर्गठन करने की तैयारियां जोरों पर है। परंतु महेंद्रगढ़ जिले का कोई नाम नहीं है। क्षेत्र के लोगों ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस कमेटी में सरकार ने कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर, वित्त मंत्री जयप्रकाश दलाल, पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा, नगर निकायमंत्री सुभाष सुधा को शामिल किया गया है। यह कमेटी शीघ्र ही बैठक करेंगी। फिलहाल सुनने में आ रहा है कि हांसी, गोहाना, डबवाली, असंध और मानेसर को जिला बनाए जाने की संभावना जताई जा रही है, जिसमें महेंद्रगढ़ जिले को उसका हक जिला मुख्यालय तथा नारनौल को अलग जिला बनाए जाने की मांग का कोई जिक्र नजर नहीं है, यह महेंद्रगढ़ क्षेत्र के लोगों के लिए अन्याय होगा, क्योंकि महेंद्रगढ़ की जनता ने भाजपा को उसे समय जीवनदान देकर जिंदा रखा है जब प्रदेश में बीजेपी का नाम लेने वाला नहीं होता था। आज भाजपा सरकार में इस जिले की अपेक्षा से लोगों में मायूसी है तथा सरकार के प्रति भारी रोष पनप रहा है, जिसका खामियाजा सरकार को बीते विधानसभा चुनाव में देखने को मिला था तथा आगामी विधानसभा चुनाव में और भी विपरीत प्रभाव देखने को मिलेगा। लोगों का कहना है कि दक्षिणी हरियाणा के दो जिलों से प्रदेश सरकार ने अनदेखी की है जबकि महेंद्रगढ़-रेवाड़ी जिले में भाजपा सरकार के पांच विधायक है जिसमें से एक को भी कमेटी में शामिल नहीं किया गया। जो भेदभाव को दर्शात है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आज तो सांकेतिक धरना दिया जा रहा है, अगर मुख्यालय नहीं मिला तो आंदोलन को बड़ा किया जाएगा।

### यह काम नहीं हुए है क्षेत्र में

महेंद्रगढ़ के लिए भाजपा सरकार की घोषणा महज घोषणा ही बनकर रह गई है। खुड़ाना में आईएमटी, महेंद्रगढ़ में बाईपास, किसान मॉडल स्कूल, बिजली ट्रांसफार्मर का वर्कशॉप, रोडवेज सब डिपो, माधोगढ़ में महेंद्रगढ़ के किले को टूरिस्ट कॉम्पलैक्स बनाने, महेंद्रगढ़ नगरपालिका को नगर परिषद बनाने, दादरी से महेंद्रगढ़-नारनौल होते हुए अलवर तक रेल लाइन, सेंट्रल यूनिवर्सिटी में मेडिकल कॉलेज जैसी अन्य घोषणाओं पर कोई अमल नहीं हो पाया है। क्षेत्र के युवाओं के लिए यहां रोजगार का कोई साधन नहीं है। सरकार के कोरे आश्वासन व घोषणाओं को लेकर क्षेत्र की जनता का सरकार के प्रति मोह भंग हो रहा है, जिस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो बदलाव निश्चित माना जा सकता है। लोगों का कहना है कि दक्षिणी हरियाणा के दो जिले महेंद्रगढ़ व रेवाड़ी से पांच विधायक भाजपा व दो विधायक कांग्रेस के है उसके बाद भी कमेटी में सातों विधायकों में एक भी विधायक को कमेटी में शामिल नहीं किया गया। जिसकों लेकर क्षेत्र में सरकार के प्रति रोष व्याप्त है तथा लोगों ने भेदभाव को भी आरोप लगाया है।

*ये रहे मौजूद:* धरना देने वालों में रामनिवास पाटोदा, छाजूराम, संतलाल अधिवक्ता, इंद्रपाल अधिवक्ता, राधेश्याम शर्मा, सुरेश वर्मा, राजकुमार पूर्व बार प्रधान, पूर्व बार प्रधान बंशीलाल, राजेश, संजय, विपिन, राजेश कुमार, अर्जुन, बहादुर, राजेंद्र, बीरसिंह, सुधीर, जयप्रकाश, पोहप सिंह, राजपाल, शमशेर, राकेश सहित विभिन्न संगठनों के लोगों व अधिवक्ताओं ने सांकेतिक धरना देकर ज्ञापन सौंपा।

## नशा समाज को कर रहा दीमक की तरह खोखला : रोहताश

- कैंप में लगभग 70 लोगों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** नशा न करने के बारे में जानकारी देते रोहताश सिंह रंगा।

जिला बाल कल्याण परिषद के तत्वावधान में नशा मुक्ति केन्द्र की ओर से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 26 जून तक अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति एवं अवैध व्यापार रोकथाम दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार नशा मुक्त समाज तथा समाज के लोगों में जागरूकता का प्रसार करने के लिए हुडिना रामपुरा के शिव मंदिर में जागरूकता एवं मैडिकल शिविर का आयोजन किया। शिविर में लगभग 70 लोगों ने भाग लिया।

इस अवसर पर नशा मुक्ति केन्द्र से परियोजना निदेशक रोहताश सिंह रंगा ने शिविर में उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। हर दिन इस दानव का सामना करना पड़ रहा है और दिन-प्रतिदिन यह अधिक विकराल रूप धारण करता जा रहा है।

उन्होंने नशें को जड़ से समाप्त करने के लिए समाज के सभी वर्गों से सहयोग करने की अपील की। नव युवकों को चाहिए की स्वरूप समाज के लिए नशें की दलदल से बचकर इस समाज की उन्नति के लिए आगे बढ़ना है जैसा संकल्प लेकर जीवन में सफल होना है। उन्होंने कहा कि इस केन्द्र में नशे से पीड़ित व्यक्तियों को दाखिल करके उनका निशुल्क ईलाज किया जाता है नशे के आदि लोगों को इस केन्द्र का लाभ उठाना चाहिए। शिविर में 70 लोगों ने भाग लिया और 16 लोगों की नशे से पीड़ित के रूप में पहचान कर उन्हें निशुल्क दवाइयां व प्रचार सामग्री वितरित की।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर परामर्शदाता जयपाल सिंह, समाजिक कार्यकर्ता नरेन्द्र कुमार व स्टाफ नर्स ममता रानी के अलावा सरपंच प्रतिनिधि चिरंजी लाल, धर्मवीर, हरि सिंह राकेश, कृष्ण, जय सिंह चौकीदार, राधेश्याम, रामचन्द्र, संत लाल व अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।



**महेंद्रगढ़।** लोगों की शिकायतें सुनते एसडीएम संजीव कुमार। फोटो : हरिभूमि

## एसडीएम ने समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

**महेंद्रगढ़।** एसडीएम संजीव कुमार ने सोमवार को समाधान शिविर में 25 लोगों की शिकायतें सुनी, इनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया व बाकि शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजकर जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए। सरकार के निर्देशानुसार चल रहे समाधान शिविर में अब हर रोज सुबह नौ से 11 बजे तक उपमंडल स्तर पर इसी जगह समाधान शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में पुलिस, राजस्व, नगर परिषद, समाज कल्याण आदि जन कल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। अब प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करने के लिए सुनवाई जिला और उपमंडल स्तर पर हो सकेगी। इन शिविरों में जमीन की रजिस्ट्री, एनओसी प्राप्त करने, राशन कार्ड बनवाने, राशन वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसे बुढ़ापा पेंशन, दिव्यांग व विधवा पेंशन से संबंधित मामलों की सुनवाई भी होगी। मौके पर एसईपीओ मोहनलाल, एसईपीओ प्रवीण कुमार, जिला समाज कल्याण विभाग से प्रदीप, जिला कल्याण विभाग से ममता, पशुपालन विभाग से कुलदीप शर्मा, आशुलिपिक ब्रह्मानन्द, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से प्रवीण यादव, क्रीड विभाग से अनिता सैनी व रवि तंवर के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।



**महेंद्रगढ़।** शोक जताते पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा। फोटो : हरिभूमि

## गैस हादसे में मृतकों के आवास पर पहुंचकर पूर्व मंत्री ने जताया शोक

**महेंद्रगढ़।** क्षेत्र के गांव खुडाना बास की ढाणी खड़गवान में गैस हादसे में मृतक परिवार के आवास पर पहुंचकर पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने शोक जताया। पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने कहा कि एक ही परिवार के चार सदस्यों का एक साथ हम सबके बीच से चले जाना बहुत बड़ा हादसा है, जिसकी कभी भरपाई नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि भगवान की मर्जी के सामने मनुष्य असहाय है। पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा ने शोक संतृप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव खुडाना बास की ढाणी खड़गवान में 19 जून प्रातः गैस लीक होने पर घर में लगी आग से एक ही परिवार के चार लोग माता-पिता और दो बच्चे झुलस गए थे। उन्हें उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में दाखिल कराया गया था जहां सभी ने एक के बाद एक दम तोड़ दिया। मृतक बिजेंद्र राजस्थान में प्राइवेट शिक्षक था, उसकी पत्नी मंजू आंगनबाड़ी वर्कर थी तथा उसके दो बच्चे रोहित हुए चंचल शिक्षा ग्रहण कर रहे थे।

## अधिवक्ता अनिल बने रेडक्रॉस के आजीवन सदस्य

### समाज के हर वर्ग को रेडक्रॉस से जोड़ा जाएगा: बलवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** अधिवक्ता अनिल कुमार बड़कोदिया को सदस्यता ग्रहण करवाते रेडक्रॉस सचिव बलवान सिंह।

रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से किए जाने वाले जनहित और समाज सेवा के कार्योंर् में सुगमता लाने व प्रबुधजनों को रेडक्रॉस से जोड़ने हेतु चलाए जा रहे रेडक्रॉस के आजीवन सदस्यता अभियान के अंतर्गत नवनियुक्त सचिव बलवान सिंह ने अधिवक्ता अनिल कुमार बड़कोदिया को आजीवन सदस्य बनाया गया। ज्ञातव्य है कि सचिव बलवान सिंह के पूर्व कार्यकाल में भी रेडक्रॉस द्वारा कोरोना के दौरान सराहनीय कार्य किया गया था। इस अवसर पर रेडक्रॉस सचिव ने बताया कि रेडक्रॉस द्वारा मानव सेवा हेतु हर संभव प्रयास किया जाता रहा है और समाज के हर वर्ग को रेडक्रॉस से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि रेडेक्रॉस ना केवल एक सामाजिक संस्था है बल्कि यह अपने आप में एक जनसेवा की मुहिम है। रेडक्रॉस की आजीवन सदस्यता प्राप्त करना अपने आप में एक मुक़ाम है। इस अवसर पर अधिवक्ता अनिल कुमार बड़कोदिया ने उपायुक्त मोनिका गुप्ता और रेडक्रॉस सचिव बलवान सिंह का आभार प्रकट किया।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### समाधान शिविरों का उद्देश्य एक ही छत के नीचे समाधान करना

# उपायुक्त की अध्यक्षता में 183 नागरिकों ने रखी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** जनसमस्याएं सुनतीं डीसी मोनिका गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

राज्य सरकार के निर्देशानुसार सोमवार लघु सचिवालय में उपायुक्त मोनिका गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित समाधान शिविर में 183 नागरिकों ने अपनी शिकायतें रखी। इनमें से कईयों का मौके पर समाधान किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा भी मौजूद थे। समाधान शिविर के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाली हर शिकायत पर अधिकारी अपने कॉमेंट लिखें। इसे आनलाइन पोर्टल पर चढ़ाया जाता है। इस दौरान उस पर सही तरीके से इंट्री होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हर शिकायत की निश्चित अवधि में ही कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों में प्रोपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, स्थानीय निकाय से अनापत्ति प्रमाण पत्र, नगर पालिकाओं से नक्शे की स्वीकृति, समाज कल्याण विभाग की विभिन्न पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पुलिस से संबंधित शिकायतों, बिजली, सिंचाई, जनस्वास्थ्य से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जा रही है। इस अवसर पर एसडीएम डा जितेंद्र सिंह, नगराधीश मंजीत सिंह व अन्य विभागों के अधिकारी ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

**पीपीपी का अलग कैंप लगाकर किया जा रहा समाधान:** अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा आईएएस ने परिवार पहचान पत्र के लिए डीसी कोर्ट में अलग से कैंप लगाकर मौके पर ही नागरिकों का समाधान किया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान तुरंत कंप्यूटर पर आनलाइन शिकायतें दूर की गई।

### वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई बैठक समीक्षा

**नारनौल।** गुरुग्राम मंडल के आयुक्त आरसी बिढान ने सोमवार समाधान शिविर के संबंध में उपायुक्त मोनिका गुप्ता के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए समाधान शिविर को लेकर समीक्षा बैठक की। डीसी ने जिला महेंद्रगढ़ में समाधान शिविर में आ रही शिकायतों के बारे में जानकारी दी। आयुक्त ने कहा कि अगर कोई शिकायत जिला स्तर पर नहीं निपटाई जाए तो ऐसे मामलों में अधिकारी अपने सुझाव सहित भेजें ताकि उसका जल्द समाधान हो सके। ऐसे मामलों को समाधान प्रकोष्ठ को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों के बारे में सभी अधिकारी कारण स्पष्ट करें। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों को लगाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को एक ही छत के नीचे जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान किया जाए। ऐसे में अधिकारी सुनिश्चित करें कि हर शिकायत को पूरी गंभीरता के साथ निपटाएं।